हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 27 जून 2026

तापमान
अधिकतम 40 .5 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

11 माढैया कलां में चला डीटीपी का पीला पंजा

12 जैव विविधता पार्क क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात, 150 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगेंगे


## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने भाड़ावास रोड के पास अवैध शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि भाड़ावास निवासी दीपक अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। पुलिस ने बताए गए स्थान पर छापेमारी की, तो दीपक के कब्जे से 83 पव्वा देशी शराब बरामद हुई। आरोपी को पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज है।

### दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने 12 जनवरी को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद राजस्थान के पाटन निवासी प्रवीन को गिरफ्तार कर लिया। मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले का आरोपी भेजा जेल

**जाटूसाना।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर आरोपियों के खिलाफ 22 मई को हरिजन एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच कोसली के डीएसपी ने की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में रोहड़ाई निवासी हितेष को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### सड़क हादसे के बाद फरार चालक काबू

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बावल रोड पर हुए हादसे के बाद घायल के बयान पर 17 जून को केस दर्ज किया था। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद रसियावास निवासी हर्षित सिवाच को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

### रामगढ़ में बाबा भैया का जागरण आज

**रेवाड़ी।** गांव रामगढ़ में बाबा भैया का जागरण व भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि 27 जून को रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण में गायक सुरेन्द्र भाटी नोयड़ा, अन्नू चौधरी बुलंद शहर तथा मन्नू तंवर खेतड़ी भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। 28 जून को सुबह हवन के बाद बाबा के भंडारे का आयोजन होगा।

### राजा नाहर सिंह मुख्य द्वार का उद्घाटन आज

**रेवाड़ी।** जाट धर्मशाला में 27 जून को सुबह 11 बजे राजा नाहर सिंह मुख्य द्वार का उद्घाटन किया जाएगा। समाजसेवी अनिल कुमार सांगवान प्रबंधक निदेशक कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कार्यक्रम में मुख्यातिथि रहेंगे। इस मौके पर अमर बलिदानी राजा नाहर सिंह के बलिदान को याद किया जाएगा। जाट धर्मशाला मुख्य द्वार पर उनकी घोड़े पर सुशोभित मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट समाज के प्रधान सूरत सिंह कटारिया करेंगे।

---

स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक सैंपलिंग शुरू नहीं की गई, जिससे मिलावटी घेवर व अन्य मिठाइयां लोगों को बीमार कर सकती हैं

दिल्ली रोड पर बाहर से आए लोग तैयार कर रहे घेवर, मिलावटी घी से तैयार होने की पूरी आशंका

# देशी घी से बने घेवर का दावा, सस्ते में बेच रहे मिलावटी मिठाई, स्वास्थ विभाग की नहीं टूटी नींद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अलग खबर

सावन माह के दौरान आने वाले तीज व दूसरे त्योहारों पर घेवर की मांग बढ़ जाती है। मिलावटखोर बढ़ती हुई मांग को देखते हुए अभी से सक्रिय हो गए हैं। बाहर से आए लोग सड़क किनारे ही अस्थाई फैक्ट्री बनाकर घेवर तैयार करने लगे हैं। इसे गोहाना का घेवर बताकर देशी घी से निर्मित होने के दावे किए जाते हैं, परंतु सस्ता होने के कारण घी की गुणवत्ता सवालों के घेरे में है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभी तक सैंपलिंग शुरू नहीं की गई है, जिससे मिलावटी घेवर व अन्य मिठाइयां लोगों को बीमार कर सकती हैं। दिल्ली रोड पर बाहर से आए लोग गोहाना का घेवर बताकर इससे सस्ते दामों में बचे रहे हैं। मिठाइयों की प्रसिद्ध दुकानों पर देशी घी के घेवर के दाम काफी अधिक हैं, जबकि सस्ता घेवर बेच रहे दुकानदार लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। त्योहारी सीजन का फायदा उठाने के लिए सड़क किनारे ही अस्थाई फैक्ट्री में घेवर तैयार किया जा रहा है। टैंट और टिनशेड में घेवर तैयार करते समय साफ-सफाई का भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस घेवर को गोहाना का प्रसिद्ध घेवर बताकर बेचा जा रहा है। अगर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सैंपलिंग कराई जाए, तो घेवर के असली-नकली होने का पता चल सकता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी त्योहार के ऐन मौके पर ही सैंपलिंग का कार्य शुरू करते हैं। तब तक हजारों क्विंटल मिठाइयां लोगों के पेट तक पहुंच चुकी होती हैं।

### एक अधिकारी पर तीन जिलों का भार

स्वास्थ्य विभाग में अधिकारियों की कमी के कारण जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पास रेवाड़ी का एडिशनल चार्ज है। डीएफएसओ डा. संदीप कुमार गुरूग्राम, रेवाड़ी और नूंह तीनों जिलों का कार्यभार संभाल रहे हैं। ऐसे में एक अधिकारी के लिए तीन जिलों में नियमित सैंपलिंग कराना संभव नहीं होता। सैंपलिंग की कमी के चलते मिलावटखोर अपने मंसूबों में कामयाब होकर ग्राहकों की जब पर डाका डालकर उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।


रेवाड़ी। सेक्टर-4 स्थित दुकान में घेवर बनाते हुए कारीगर। फोटो : हरिभूमि

### विश्वसनीय दुकानों से करें खरीदारी

बीकानेर स्वीट्स के संचालक गोविंद सिंह ने कहा कि नागरिक विश्वसनीय दुकानों से ही मिठाई खरीदें। वर्तमान में काफी लोगों सस्ते के चक्कर में मिठाई कारखानों व सड़क पर लगी रेहड़ियों से भी मिठाई खरीद लेते है। ये दुकानदार मुनाफे के चक्कर में लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते है। इन दुकानों पर घेवर 300 से 400 रुपये प्रति किलो मिल जाता है, जबकि विश्वसनीय दुकानों पर शुद्धता व क्वालिटी का पूरा ध्यान रखा जाता है। वर्तमान में असली देशी घी का घेवर व दूध घेवर को रेट 780 रुपये प्रति किलोग्राम है। साधा घेवर 550, केसर घेवर 900 व कटोरी घेवर 1000 रुपये प्रति किलो बिक रहा है।

### ऐसे करें मिलावटी घेवर की पहचान

बाजार में असली और मिलावटी घेवर की पहचान करने के लिए नागरिक कुछ खास बातों का ध्यान रखें। असली घेवर की महक बहुत सौम्य और अच्छी होती है, जबकि मिलावटी घेवर (सस्ते रिफाइंड या डालडा से बने) में से अजीब-सी महक या केमिकल की गंध आती है।

### चाशनी की जांच करें

अगर चाशनी बहुत सफेद और फीकी दिख रही है, तो उसमें घटिया चीनी या सैकरिन यानि कृत्रिम मिठास का इस्तेमाल हो सकता है।

### घेवर के रंग पर ध्यान दें



गहरे पीले या चटख नारंगी रंग के घेवर से बचें, क्योंकि हलवाई अक्सर आकर्षक दिखने के लिए हानिकारक सिंथेटिक रंगों का प्रयोग करते हैं। त्योहारों के मौसम में स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा एफएसएसएआई से प्रमाणित और भरोसेमंद दुकानों से ही घेवर खरीदें।

### जल्द शुरू किया जाएगा अभियान

*अभी घेवर बनाने और इसकी बिक्री के कार्य ने जोर नहीं पकड़ा है। जैसे ही घेवर बनाने का कार्य जोर पकड़ेगा, इसकी सैंपलिंग भी कराई जाएगी। विभाग की ओर से समय-समय पर सैंपलिंग कराई जाती है। -डा. संदीप कुमार, डीएफएसओ।*

---

# खड़ी गाड़ी को पिकअप ने मारी टक्कर, चालक की मौत

## आग लगने से पिकअप भी जली


रेवाड़ी। हाइवे पर ओढ़ी कट के पास पिकअप में लगी आग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर ओढ़ी कट के पास सड़क किनारे खड़ी पिकअप को पीछे से दूसरी पिकअप गाड़ी ने टक्कर मार दी। टायर चेक कर रहे पिकअप के चालक की कुचलने से मौत हो गई। हादसे के बाद एक पिकअप में आग लग गई, जिससे गाड़ी जलकर राख हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। राजस्थान के सीकर निवासी लगभग 27 वर्षीय मनीष कुमार पिकअप गाड़ी में सामान दिल्ली की ओर जा रहा था। ओढ़ी कट के पास उसकी गाड़ी का टायर पंक्चर हो गया। वह गाड़ी को सड़क किनारे लगाने के बाद टायर चेक कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही पिकअप ने उसकी पिकअप को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मनीष अपनी ही पिकअप के टायर से कुचला गया। आसपास के लोगों ने उसे एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी दौरान उसकी गाड़ी में सीएनजी लीक होने से आग लग गई। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक गाड़ी जलकर राख हो चुकी थी।



### नेशनल हाइवे पर लगा रहा जाम

प्रमुख नेशनल हाइवे पर दो वाहनों की टक्कर और एक पिकअप में आग लगने के बाद हाइवे का एक हिस्सा बाधित हो गया। काफी देर तक आवागमन बाधित रहा, जिससे वाहनों का लंबा जाम लग गया। पुलिस ने आग बुझने के बाद दोनों वाहनों को क्रेन की मदद से सड़क से हटवाया। इसके बाद ही यातायात सुचारू हो सका।

---

*होस्टल से मोर्निंग वॉक के बहाने निकला था ट्रैक पर, गार्ड को चकमा देकर दीवार फांदने के बाद हुआ गायब, फोन पर खुद को पंजाब के डेरे में बताया*

# जेएनवी का छात्र दीवार फांदकर फरार, तलाश में भटकते रहे अभिभावक, 36 घंटे के बाद किया फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जवाहर नवोदय विद्यालय नैचाना में बाहरवीं कक्षा में मेडिकल की पढ़ाई कर रहा एक छात्र वीरवार तड़के स्कूल की दीवार फांदकर फरार हो गया। छात्र की तलाश में परिजन से लेकर पुलिस तक मारे-मारे फिर रहे हैं, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद छात्र की तलाश शुरू कर दी। लगभग 36 घंटे बाद छात्र ने फोन पर अपने परिजनों को बताया कि वह ट्रेन में बैठकर पंजाब के होशियारपुर के एक डेर में आ गया है। इसके बाद परिजन उसे लाने के लिए पंजाब के लिए रवाना हो गए। अंबाला के एक गांव का रहने वाला छात्र छठी कक्षा से ग्यारवीं कक्षा तक जेएनवी अंबाला में पढ़ रहा था। गत वर्ष 1 जुलाई को उसे जेएनवी नैचाना में शिफ्ट कराया गया था। वह इस साल बारहवीं कक्षा में मेडिकल विषय की पढ़ाई कर रहा है। स्कूल प्रशासन के अनुसार छात्र 25 जून को सुबह जल्दी उठने के बाद ट्रैक पर मोर्निंग वॉक के बहाने होस्टल से बाहर आया था। दो राउंड लगाने के बाद वह वापस होस्टल की ओर जाने लगा। इस दौरान स्कूल के गार्ड ने उससे बातचीत की। मौका पाकर वह लगभग साढ़े 4 बजे स्कूल की दीवार फांदकर फरार हो गया। छात्र के दीवार फांदने की घटना स्कूल के सीसीटीवी कैमरे में भी दर्ज है। स्कूल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में वह सड़क पर अकेले चलता हुआ नजर आ रहा है। पुलिस के अनुसार ऐसा प्रतीत हो रहा है कि स्कूल से भागने के बाद वह नेशनल हाइवे की ओर निकल गया। इसके बाद वह दिल्ली की ओर गया या जयपुर की ओर, इस बात का पता नहीं चल पाया।



रेवाड़ी। नैचाना स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय। फोटो : हरिभूमि

### माहौल नहीं आ रहा था रास

पुलिस के अनुसार छात्र के सहपाठियों से जब उसके बारे में पता किया तो बताया गया कि वह अक्सर अपने साथ पढ़ने वाले बच्चों को बताता था कि उसे यहां का माहौल रास नहीं आ रहा है। वह लगातार यहां आने के बाद घुटन सी महसूस करता है। इसी वजह से उसके स्कूल से भागने का अनुमान लगाया जा रहा था। एसएचओ फूल कुमार ने बताया कि पुलिस छात्र का पता लगाने के पूरे प्रयास कर रही है।

### शाम के समय छात्र ने किया फोन

शाम के समय छात्र ने अपने पिता को फोन किया। उसने बताया कि वह स्कूल से निकलने के बाद रेलवे स्टेशन पहुंच गया था। वह एक टेन में सवार हो गया। ट्रेन होशियारपुर पहुंचने के बाद वह स्टेशन पर उतरकर एक डेरे में चला गया। वह पूरी तरह सुरक्षित है। इसके बाद पुलिस ने पिता के बयान दर्ज किए। परिजनों, स्कूल प्रशासन और पुलिस ने राहत की सांस ली।

### स्कूल प्रशासन में मचा हड़कंप

छात्र के लापता होने की बात सामने आते ही स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया। स्कूल के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने इसकी सूचना छात्र के पिता और पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद अभिभावक व पुलिस मौके पर पहुंच गए। एसएचओ फूल कुमार ने स्कूल व स्कूल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। इसके बाद यह बात तो साफ हो गई कि छात्र अपनी मर्जी से दीवार फांदकर निकला है।

---

# दो घूंट शराब के लिए किया था मर्डर, पुलिस ने काबू किए दो आरोपी

- जीआरपी ने खून से लथपथ पड़े युवक को पहुंचाया था अस्पताल, पुलिस जांच में चाकू के वार से हत्या का मामला आया था सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में मर्डर के आरोपी।

रेलवे स्टेशन के पास बीते बुधवार की शाम खून से लथपथ मिले युवक की हत्या का मामला पुलिस ने चंद घंटों में ही सुलझा लिया। हत्या के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। हत्या के बाद मृतक की शिनाख्त दूसरे दिन भी नहीं हो सकी। पुलिस उसकी पहचान कराने के प्रयास कर रही है। जांच में यह बात सामने आई कि दोनों आरोपियों के साथ बैठे युवक ने उनकी शराब उठाकर पी ली थी, जिसके बाद दोनों ने उस पर चाकूओं से हमला बोल दिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ कई पुलिस थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। गत 24 जून की शाम एक युवक खून से लथपथ रेलवे स्टेशन के पास आकर गिर गया। वहां मौजूद एक होम गार्ड की सूचना पर जीआरपी ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के बाद मामला सिटी पुलिस स्टेशन के दायरे का मिला। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार के कई वार होने के कारण सिटी पुलिस ने हत्या का केस मानते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के काफी प्रयास किए, लेकिन दूसरे दिन भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से इस हत्याकांड के दो आरोपियों की पहचान कर उन्हें तुरंत काबू कर लिया।

---

शिव मंदिर में देर रात्रि निर्जला एकादशी पर हुए श्री श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रृंद्धालु

# 'तूने सबका बना दिया भाग्य मेरा भी लकी कर दो, चरणों का सेवक रहूं नौकरी पक्की कर दो'...



रेवाड़ी। निर्जला एकादशी पर सजी श्याम बाबा की भव्य प्रतिमा, श्याम संकीर्तन में भजन गाते हुए गायक अमित शोरेवाला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नई अनाजमंडी स्थित शिव मंदिर में वीरवार रात्रि निर्जला एकादशी पर श्री श्याम प्रभु के 130वें संकीर्तन का आयोजन किया गया। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप की ओर से आयोजित श्री श्याम संकीर्तन में सूरत से भजन गायक अमित शोरेवाला व गोकलगढ़ से गायक संजय शर्मा के जागरण में मनमोहक भजन सुनाकर श्रृद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। श्री श्याम श्रृंगार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन का शुभारंभ किया। एकादशी पर जागरण में श्रृद्धालुओं की काफी भीड़ रही। श्रृद्धालुओं के लिए प्रसाद का भी प्रबंध किया गया। श्याम बाबा के संकीर्तन में श्रृद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। शुक्रवार को द्वादशी के अवसर पर शिव मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### भजनों से किया श्रद्धालुओं को भाव विभोर

एकादशी पर गोकलगढ़ से भजन गायक संजय शर्मा ने गणेश जी व हनुमान जी की वंदना से जागरण का शुभारंभ किया। उन्होंने 'चले जगत की ओर मेरी गाड़ी का पहिया, तेरे हवाले कर दी मैने जीवन नैया, तूने सबका बना दिया भाग्य मेरा भी लकी कर दो, चरणों का सेवक रहूं नौकरी पक्की कर दो' सहित अनेक भजन सुनाए। इसके बाद सूरत से भजन गायक अमित शोरेवाला ने 'जाने कब आएगा, मुझे अपना बनाएगा, मेरे आंसु पौंछकर मुझे गले लगाएगा, कब आएगा मेरा सांवरिया', 'सिर पे तेरी मोरछड़ी का झाड़ा चाहिए, फिर से तेरे भजनों का अखाड़ा चाहिए', व 'मन की बाता सांवरिये ने आज सुणाके देख ले, सुणसी-सुणसी खाटू वालों टेर लगाके देख ले' सहित अनेक भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्याम संकीर्तन में चरत अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रवि भट्ठेवाले, रितेश बंसल, विकास बंसल, राजुल, अमित अग्रवाल, मनीष सचदेवा, भूपेन्द्र गुप्ता, अनिल मखीजा, पुरुषोत्तम, संजय सहगल, मयूर गोयल, कुशल गोयल, नवीन शर्मा, सोनिया, अभिलाषा, मीनाक्षी, आरती, हिना, नंदिनी व कविता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ले हाजरी लगाई।

---

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 20 लाख की ठगी में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने मार्च माह में ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर झाड़ौदा के एक व्यक्ति को 20 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद 7 दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस शिकायत में झाड़ौदा निवासी इंद्रजीत सिंह ने बताया था कि उसने ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए विनोद कुमार नाम के व्यक्ति से संपर्क किया था। उसे ट्रेडिंग करने के लिए लगभग 15 दिनों की ट्रेनिंग कराई गई। उसे बताया गया कि एंगल-वन अकाउंट से ट्रेडिंग करने पर मार्जिन कम मिलता है। उसके दोस्त कुलदीप ने ब्रोकर के पास आकउंट खुलवाया हुआ है, जिसमें लिमिट मार्जिन अधिक मिलता है। विनोद कुमार के नंबर देने के बाद उसने कुलदीप नाम के व्यक्ति से बातचीत की, तो उसने आयुष खन्ना नाम के ब्रोकर का नंबर दिया। खन्ना ने संपर्क होने के बाद उससे पैन कार्ड व दूसरे दस्तावेज मांगे। उसका ट्रेडिंग अकाउंट खोल दिया गया। शुरू में उसने 50 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए। उसके खाते में 10791 रुपये प्रोफिट दिखाया गया। इसके बाद उसने बार-बार ट्रांजेक्शन करते हुए 20 लाख रुपये टेडिंग अकाउंट में जमा करा दिए। अच्छा प्रोफिट खाते में प्रदर्शित होता रहा। जब उसने पैसे निकालने का प्रयास किया, तो उसके पैसे नहीं निकले। इसके बाद उसके फोन उठाने बंद कर दिए गए। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर 18 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में गुजरात के जिला सबरकंठा के गांव खेड़ब्रह्मा निवासी शर्मा निलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसके बैंक खाते में ठगी की रकम में से 6.52 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने उससे 5.21 लाख रुपये बरामद किए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद सात दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास किए जाएंगे।





# रणबीर की रामायणम करेगी 3300 करोड़ से ज्यादा कमाई?

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी के निर्देशन बन रही रामायणम दो पार्ट में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, अभी से ही इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अनुमान आने शुरू हो गए हैं। मशहूर थिएटर ओनर और फिल्म ट्रेड एनालिस्ट विश्वेक चौहान का कहना है कि रामायणम कमाई के मामले में रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी के 3300 करोड़ रुपए के कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। धुरंधर फ्रैंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। यह आमिर खान की दंगल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। अब सबकी नजर रणबीर की रामायणम पर टिकी हुई है। विश्वेक चौहान ने आगे कहा कि रामायणम लोगों के दिल के बहुत करीब है।

लाइफ Style

# संचिता

## परिवार के खिलाफ जाकर की एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुझे बस अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार था, जिसमें मैं अपनी भूमिका न्यायसंगत तरीके से निभा सकूं। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के पहले सीजन के पहले मैं इस इंडस्ट्री में बिल्कुल नई थी। उसके बाद मुझे कास्टिंग निर्देशकों के जिस तरह से फोन या मैसेज आए हैं, उससे ये पता चलता है कि अब लोग मुझे इंडस्ट्री में पहचान गए हैं।' शो का नायक और संचिता के पात्र का प्रेमी आगे चलकर आईएएस अधिकारी बन जाता है। ऐसे में बिहार के भागलपुर से आने वाली संचिता अपने अभिनय सफर के बारे में बताती हैं, 'मेरे पापा चाहते थे कि मैं आईएएस अधिकारी बनूं, क्योंकि मैं बिहार से हूं। वहां के माता-पिता की अपने बच्चों से यही उम्मीद होती है कि उनका बच्चा इंजीनियर, डॉक्टर बने या यूपीएससी पास कर आईएएस अधिकारी बने। हालांकि, मैंने इनमे से कुछ नहीं किया मैंने तीसरा रास्ता (अभिनय) चुना।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन से ही फिल्मों की दुनिया बहुत पसंद रही है। जब भी मैं कोई फिल्म देखती थी तो अंदर से दिल करता था कि मैं भी एक्टिंग करूं। मैंने आठवीं या नौवीं कक्षा में टिकटॉक वीडियोज से एक्टिंग करना शुरू किया था। धीर-धीरे मेरा सफर आगे बढ़ता गया, लोगों को मेरे वीडियोज पसंद आने लगे। उसी प्रवाह में आगे बढ़ते हुए मैंने अपना पहला ऑडिशन दिया, जिससे मुझे मेरी पहली तेलुगु फिल्म मिली। फिर धीरे-धीरे मैं पूरी तरह से इस पेशे में ढल गई।'

माना जाता है कि एक सफल प्रोजेक्ट कलाकार की आगे की राहें आसान कर देता है। हालांकि, साल 2024 में प्रदर्शित वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' की सफलता के बाद भी अभिनेत्री संचिता बासु की कहानी कुछ अलग दिखती है। हाल ही में इस शो का दूसरा सीजन जियो हॉटस्टार पर प्रदर्शित हुआ, दोनों सीजन के बीच में संचिता ने कोई दूसरा शो नहीं किया। वह कहती हैं, "मैंने ऐसा सोच समझकर नहीं किया। मैं तो काम रही थी, लगातार ऑडिशन दे रही थी।



हॉलीवुड मसाला



## मिल्ड्रेड पियर्स से मिली थी पहचान

**नई दिल्ली।** ऑस्कर के लिए नॉमिनेटेड एक्ट्रेस ऐन ब्लाइथ का निधन हो गया है। वह 98 साल की थीं। उन्हें 1945 की क्लासिक फिल्म 'मिल्ड्रेड पियर्स' में जोन क्रॉफर्ड की चालाक बेटी 'वेडा' का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। 'वेदा' का किरदार निभाने के लिए एक्ट्रेस को 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस' के तौर पर एकेडमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन मिला। उस समय क्रॉफर्ड ने एमजीएम छोड़ दिया था, फिर भी उन्होंने खुद उस 16 साल की एक्ट्रेस के साथ स्क्रीन टेस्ट में शामिल होकर ब्लाइथ को कास्ट करने का समर्थन किया।



## योलान्डा ने 62 साल की उम्र में की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** सुपरमॉडल जीजी हदीदी और बेला हदीदी की मां योलान्डा किसी जमाने में भी खुद भी मॉडल रही थीं। हाल ही में उनकी सगाई की खबर सामने आई है। 62 साल की उम्र में वह तीसरी बार अपना घर बसाने वाली हैं। योलान्डा हदीद की सगाई की खबर ने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को चौंका दिया। दरअसल, उन्होंने अपने नए रिश्ते को दुनिया से अब तक छिपाकर रखा था। खबर है कि उन्होंने बिजनेसमैन रैंडी केंड्रिक से सगाई की है। बता दें इससे पहले उन्होंने जोसेफ जिंगोली से सगाई की थी, लेकिन यह कुछ समय बाद टूट गई थी। रैंडी केंड्रिक ने इस सप्ताह के शुरुआत में योलान्डा को प्रपोज किया। योलान्डा ने भी उनका प्रपोजल स्वीकार कर लिया। इस सगाई की खबर ने अब फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। दरअसल, अब तक रैंडी केंड्रिक और योलान्डा की डेटिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं थी। योलान्डा के मंगेतर रैंडी केंड्रिक रियल एस्टेट से जुड़े बिजनेसमैन हैं।



## तलाक के बाद अब प्यार की कमी हो रही महसूस


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल और बिजनेसमैन भरत तख्तानी की शादी साल 2024 में टूट गई थी। इस कपल ने अलग होने का ऐलान कर हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, दोनों अपनी दो बेटियों की परवरिश मिलकर कर रहे हैं। वहीं, ईशा ने अब अपनी पर्सनल ज़िंदगी के बारे में बात करते हुए माना है कि उन्हें अपनी लाइफ में प्यार की कमी महसूस होती है। फिर भी, उन्होंने ये भी कहा कि वह उम्मीद बनाए हुए हैं और दोबारा प्यार पाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, ईशा 'कर्ली टेल्स' के एक पॉडकास्ट में शामिल हुई थीं यहां उन्होंने भरत तख्तानी से अलग होने के बारे में खुलकर बात की. ईशा ने माना कि उन्हें अपनी जिंदगी में अभी प्यार और रोमांस की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्यार और रोमांस किसी इंसान की जिंदगी में सबसे जरूरी चीजें हैं, जिनकी मुझे अभी कमी महसूस हो रही है, मुझे रोमांटिक होना पसंद है।



## तब्बू को माचिस के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई थी जलन

**नई दिल्ली।** साल 1996 में आई गुलजार की फिल्म 'माचिस' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। खासतौर फिल्म में तब्बू की अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, इस फिल्म में दमदार एक्टिंग के लिए तब्बू को साल 1997 में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। दिलचस्प बात ये है क उस साल अवॉर्ड की दौड़ में सोनाली कुलकर्णी भी शामिल थीं। हालांकि, तब्बू ने बाजी मार ली थी। अब सोनाली ने खुलासा किया है कि उन्हें उस समय बहुत गुस्सा आया और तब्बू से काफी जलन भी हुई थी। बता दे कि सोनाली कुलकर्णी की फिल्म 'दायरा' साल 1996 में आई थी। अमोल पालेकर की इस फिल्म में सोनाली की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। वहीं, उस दौर को याद करते हुए, सोनाली ने कहा कि उस समय अवॉर्ड जीतने वाले हर किसी से उन्हें जलन होती थी।

टीवी मसाला



## लोग कहते हैं अकेली रह जाओगी मुझे यही पसंद : मुनमुन

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता जी का किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी की खूबसूरत झलकियां फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी जर्नी का एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया। इस वीडियो के साथ मुनमुन ने एक ऐसा कैप्शन लिखा, जिसने उनकी सोच साफ जाहिर कर दी। उन्होंने लिखा, 'लोग कहते हैं कि तुम हमेशा अकेली रह जाओगी और मेरा जवाब है- बहुत बढ़िया, मुझे यही पसंद है।' उन्होंने कहा- मैंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया है और मैं इसे किसी और तरीके से नहीं जीना चाहती। वीडियो में मुनमुन अलग-अलग जगहों पर घूमते हुए, नई चीजें सीखते हुए और हर पल का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं। उन्हें घूमने-फिरने का काफी शौक है और वह अक्सर विदेश यात्राओं की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। इस ट्रैवल वीडियो में समुद्र किनारे बिताए पल, बोट राइड, रेगिस्तान की सैर, खूबसूरत नजारे और एडवेंचर से जुड़ी कई यादगार झलकियां देखने को मिलती हैं। इसके अलावा मुनमुन ट्रेकिंग करती, नए लोगों से मिलती, सड़क पर डांस करती और अलग-अलग संस्कृतियों को करीब से जानती भी नजर आईं। पोस्ट शेयर होते ही फैंस ने खूब प्यार बरसाया। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने भी कमेंट करते हुए लिखा, 'सबसे प्यारी और सबसे खुश।' इससे पहले रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से जुड़ी कई बातें शेयर की थीं।

## बदलते दौर के साथ बदली है कॉमेडी

**नई दिल्ली।** अली असगर उन सधे हुए कलाकारों में से है, जिन्होंने हर किरदार में जान डाली है। बात कॉमेडी की आई, तो उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी है, जो ताउम्र



दुनिया को हंसाते रहेगी। टीवी पर कॉमेडी सर्कस, जरा नचके दिखा, एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा जैसे शोज के जरिए वह दशकों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। 55 साल के अली कहते हैं कि बदलते दौर के साथ अब कॉमेडी भी बदल गई है। एक बातचीत में उन्होंने कॉमेडी के बदलते स्वरूप पर दो टूक राय दी। कहा, 'जैसे-जैसे दौर बदलता है, वैसे-वैसे कॉमेडी भी बदलती है। जब 'कॉमेडी सर्कस' शुरू हुआ तो बहुत लंबा चला। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वही चीज आज उतना चल पाएगी, क्योंकि आखिर आप कितनी चीजें क्रिएट करोगे।' अली असगर मानते हैं कि समय के साथ ही ऑडियंस भी जल्दी ऊब जाती है। अब दर्शकों का अटेंशन स्पैन कम हो गया है। अब इंस्टाग्राम रील्स वगैरह के कारण 15-30 सेकंड तक या ज्यादा से ज्यादा 1 मिनट तक ही आप दर्शकों को रोक सकते हैं।

## द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज, कीटनाशक के खिलाफ कोर्ट में उतरीं काजल!

एजेंसी ⏭ मुंबई



एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी'में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। टीजर की शुरुआत एक बड़े प्रदर्शन से होती है, जहां किसान और आम लोग सड़कों पर उतरकर वकील अर्चना (काजल अग्रवाल) के खिलाफ विरोध करते नजर आते हैं। भीड़ उनकी गिरफ्तारी की मांग करती है और गुस्से में उनके पोस्टरों पर कालिख पोतती दिखाई देती है। इसके बाद कहानी कोर्टरूम में पहुंचती है। यहां श्रेयस तलपड़े का किरदार योगेश पांडे अपनी 7 साल की बेटी की मौत के लिए न्याय मांगता है। उसका कहना है कि उसकी बेटी की मौत कैंसर से नहीं, बल्कि खाने में मौजूद मिलावट और पेस्टिसाइड की वजह से हुई है। इस केस में काजल अग्रवाल का किरदार अर्चना पेस्टिसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ लड़ाई करती नजर आती हैं। टीजर के आखिर में एक चौंकाने वाला सीन भी है, जहां प्रदर्शन के बीच एक महिला काजल अग्रवाल को थप्पड़ मार देती है। यह फिल्म पेस्टिसाइड और खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे को सामने लाती है और दिखाती है कि कैसे यह धीरे-धीरे हमारी सेहत और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित कर रहा है। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है और इसे सागर बी शिंदे ने लिखा और प्रोड्यूस किया है।

## 1952 में छपा हिंदी उपन्यास, 1992 में बनी फिल्म

### मानेक मुल्ला को हुआ जमुना, सत्ती, लिली से प्यार, जीता नेशनल अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जो मसालेदार एंटरटेनमेंट से अलग अपनी अनोखी कहानी और प्रेजेंटेशन के लिए याद की जाती हैं। 1992 में रिलीज हुई एक ऐसी ही फिल्म ने दर्शकों को प्रेम, समाज और इंसानी रिश्तों को देखने का बिल्कुल अलग नजरिया दिया। खास बात ये है कि इसकी कहानी 1952 में लिखे गए एक चर्चित हिंदी उपन्यास पर बेस्ड थी। फिल्म में एक ऐसा कथावाचक है जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं की कहानियां सुनाता है और इन कहानियों के जरिए प्यार, उम्मीद, कास्टिज्म और समाज की परतें खुलती चली जाती हैं। रिलीज के बाद इस फिल्म को क्रिटिक्स ने खूब सराहा और इसे नेशनल लेवल पर भी बड़ा सम्मान मिला।



#### उपन्यास से पर्दे तक का दिलचस्प सफर

हम बात कर रहे हैं श्याम बेनेगल की फिल्म सूरज का सातवां घोड़ा की। ये फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती के इसी नाम के उपन्यास पर बेस्ड है। धर्मवीर भारती का ये उपन्यास 1952 में प्रकाशित हुआ था और हिंदी साहित्य में इसका खास स्थान है। श्याम बेनेगल ने उपन्यास की कॉम्पलेक्सिटी और मेटाफर्स को बेहद खूबसूरती से फिल्म में पेश किया। यही वजह रही कि फिल्म को 1993 में बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। फिल्म में रजित कपूर, राजेश्वरी सचदेव, पल्लवी जोशी, नीना गुप्ता, अमरीश पुरी और रघुवीर यादव जैसे कलाकार नजर आए।

#### मानेक मुल्ला और तीन महिलाओं की कहानी

फिल्म का फोकस मानेक मुल्ला नाम का किरदार पर है। जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं से जुड़ी कहानियां सुनाता है। ये महिलाएं हैं जमुना, लिली और सत्ती। दिलचस्प बात ये है कि ये सिर्फ तीन अलग-अलग प्रेम कहानियां नहीं हैं, बल्कि समाज के तीन अलग-अलग वर्गों से बिलॉन्ग करती हैं। जमुना मिडिल क्लास दुनिया की झलक दिखाती है, लिली एजुकेटेड वर्ग का प्रतीक है, जबकि सत्ती समाज के गरीब तबके की कहानी सामने लाती है। मानेक मुल्ला की नजर से सुनाई गई ये कहानियां प्रेम के पारंपरिक नजरिए को चुनौती देती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं।फिल्म की सबसे खास बात इसका अनोखा कहानी कहने का तरीका है। पूरी कहानी यादों, किस्सों और अलग-अलग नजरिए से आगे बढ़ती है।

### 70 साल पहले हिट हुई थी यह क्लासिक फिल्म


## किशोर का गाना सुनकर डर गए थे दूल्हे, सिंगर ने दी थी चेतावनी!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर किशोर कुमार न सिर्फ अपनी दमदार आवाज के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी एक्टिंग के भी फैंस दीवाने रहे। इस बात में कोई शक नहीं कि किशोर कुमार एक वर्सटाइल एक्टर थे। अपने कॅरियर में किशोर ने कई सुपरहिट फिल्में और कई आईकॉनिक गाने दिए हैं। किशोर कुमार को लेकर इंडस्ट्री में न जानें कितने किस्से भरे पड़े हैं। उनके हर गाने के साथ-साथ कोई न कोई मजेदार किस्सा जुड़ा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं 70 साल पहले किशोर कुमार का एक ऐसा गाना था, जिसे सुनकर दूल्हे डर गए थे।

#### ये है वो गाना

हम बात कर हरे हैं साल 1956 में रिलीज हुई क्लासिक फिल्म 'परिवार' की। इस फिल्म में किशोर कुमार ने एक्टिंग करने के साथ ही इसके सभी गानों को अपनी आवाज दी थी। वहीं, हम इस फिल्म के जिस गाने की बात रहे हैं वो गाना है 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना'। इस गाने में किशोर कुमार ने दूल्हों और कुंवारों को चेतावनी दी थी कि भले ही कुएं में डूबकर मरना पड़े, लेकिन किसी भी हाल में शादी मत करना।



#### 21 बार बदली थी अपनी आवाज

'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' इस मजेदार गाने को संगीतकार सलिल चौधरी ने कंपोज किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस आइकॉनिक ट्रैक में किशोर कुमार ने मेल और फीमेल के अलावा 21 अलग-अलग वैरिएशन दिए थे। इस 8 मिनट से ज्यादा के गाने 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' में किशोर कुमार ने अलग-अलग किरदारों और भावनाओं को दिखाने के लिए अपनी आवाज में 21 बार (या उससे अधिक) बार बदलाव किए थे।

#### चार्टबस्टर था ये गाना

साथ ही बताया था कि शादी करने के बाद क्या-क्या मुसीबतें उनके गले पड़ेंगी। इस गाने ने उस दौर में लोगों पर खासा प्रभाव डाला था। साल 1956 में जब ये गाना आया था, जब ये काफी समय तक दोस्तों की शादियों में दूल्हे की टांग खींचने के लिए उनसे दोस्त उसे सुनाते थे और खूब मस्ती मजाक करते थे। आज भी ये गाना शादियों में अक्सर सुनने को मिलता है। ये गाना उस दौर के चार्टबस्टर हुआ था।

#### शैलेंद्र ने लिखे थे गाने के बोल

शैलेंद्र द्वारा लिखे गए इस गाने में किशोर दा ने कभी बच्चे की आवाज, कभी बूढ़े की आवाज, तो कभी रोने और गिड़गिड़ाने जैसी कई हास्यपूर्ण आवाजों का इस्तेमाल करके संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बता दें कि यह गाना किशोर कुमार की बेहतरीन गायकी और वॉयस मॉड्यूलेशन का एक शानदार नमूना है।

#### परिवार फिल्म के बारे में

परिवार फिल्म में किशोर कुमार के अलावा दुर्गा खोटे, सज्जन लाल पुरोहित, सुलोचना लाटकर, ऊषा किरण जैसे दिग्गज कलाकार लीड रोल में थे। कहानी की बात करें तो इसमें एक ज्वाइंट फैमिली दिखाई गई थी, जिसमें चार भाई, उनकी पत्नियां और उनके बच्चे शामिल हैं। ये भी एक ही छत के नीचे रहते हैं। उनमें से कोई भाई एक वकील, एक डॉक्टर और दूसरे व्यवसायी हैं। वे एक खुशहाल परिवार हैं, जो रहते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख साझा करते हैं। फिर एक दिन, एक गिलास दूध को लेकर बहस शुरू हो जाती है और पूरा परिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है।

**खबर संक्षेप**

### अवैध देशी कट्टा व जिंदा कारतूस सहित काबू

**नारनौल।** जिला पुलिस महेंद्रगढ़ की ओर से अपराध एवं अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए नारनौल ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। सीआईए टीम ने कार्रवाई के दौरान विकास निवासी गहली को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में थाना सदर नारनौल में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई एवं जांच जारी है।

### पीएम जनऔषधि केंद्र का किया निरीक्षण

**नारनौल।** प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना के तहत नागरिक अस्पताल के सामने स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का हरियाणा नोडल आफिसर ओमप्रकाश वर्मा ने वीरवार शाम को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि आम लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं मिल रही हैं या नहीं। इस दौरान ओमप्रकाश ने दवाओं के रख-रखाव, उनकी एक्सपायरी डेट साफ्टवेयर रजिस्टर में दर्ज विवरण की भी जांच की। हालांकि जांच के दौरान कोई भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं मिली। उन्होंने फीडबैक लिया तो मरीजों ने बताया कि यहां मिलने वाली दवाएं बाजार की तुलना में काफी सस्ती हैं। इस अवसर पर ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि जन औषधि केंद्रों पर मिलने वाली जेनेरिक दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत तक सस्ती होती हैं, जबकि उनकी गुणवत्ता पूरी तरह मानकों के अनुरूप होती है। उन्होंने बताया कि सरकार का उद्देश्य हर वर्ग तक सस्ती और प्रभावी दवाएं पहुंचाना है। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अधिक से अधिक इन केंद्रों से दवाएं खरीदें। इससे कम लागत में बेहतर इलाज का लाभ समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंच सकेगा। उन्होंने केंद्र पर पहुंचे मरीजों और ग्राहकों से बातचीत कर स्टोर का फीड बैक लिया। जोकि अनुकूल मिला।

### एसआईआर : बीएलओ और सुपरवाइजर को दिया प्रशिक्षण

**नारनौल।** पंचायत भवन में शुक्रवार निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 68-अटेली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सुपरवाइजरों और बीएलओ को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। एसडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ इस राष्ट्रीय कार्य को समय पर पूरा करने की सख्त हिदायत दी। मतदाता सूची किसी भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण बुनियाद होती है, इसलिए इसमें पूरी तरह शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना हर अधिकारी की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है। सभी बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर वितरित किए गए फॉर्मों को वापस एकत्रित करने और उनके संपूर्ण डिजिटाइजेशन का कार्य आगामी 14 जुलाई अनिवार्य रूप से पूरा किया जाना है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को इस कार्य में तेजी लाने और शुद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

## दो जुलाई को बिजली मंत्री का घेराव किया जाएगा

# मांगों को लेकर बावल में बिजली कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन

■ सरकार अपने फैसले को वापस लेकर कर्मचारियों की स्थायी भर्ती करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल



रेवाड़ी। बावल में धरना-प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को बिजली कर्मचारियों ने एचएसईबी यूनियन के बैनर तले बावल में अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता पोहप सिंह ने की। उन्होंने कहा कि मुख्यालय के आह्वान पर प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया गया है। कर्मचारियों की लंबे समय से मांगों का समाधान नहीं होने के कारण संगठनों में आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने फैसले को वापस लेकर कर्मचारियों की स्थाई भर्ती करें। डीएचबीवीएन में लाइनमैन के 845 में से 468 पद खाली है। एग्री कल्चर डिस्कॉम बना तो वर्कलोड बढ़ेगा और फॉल्ट भी समय पर ठीक नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के बाद अब दूसरे चरण में 30 जून को सर्कल स्तर पर प्रदर्शन होगा तथा 2 जुलाई को बिजली मंत्री का घेराव किया जाएगा। कर्मचारियों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 29 जुलाई को कुरुक्षेत्र में जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। उसके बाद 20 अगस्त को मुख्यमंत्री नायब सैनी के आवास का घेराव किया जाएगा तथा 29 और 30 सितंबर को प्रदेशव्यापी हड़ताल की जाएगी। इस अवसर पर संजीव कुमार, अरुण कुमार, अमरजीत सिंह, दुलीचंद, सुनील कुमार, विवेक, उमेश कटारिया, दिनेश, रवि किशन व हीरालाल सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

### कोसली में एचएसईबी वर्कर्स यूनियन यूनिट कर चार घंटे प्रदर्शन किया

**कोसली।** कोसली की एचएसईबी वर्कर्स यूनियन यूनिट ने सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में शुक्रवार को दूसरे दिन भी चार घंटे बिजली निगम परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट प्रधान जयप्रकाश ने की तथा मंच संचालन यूनिट सचिव सुरेंद्र ने किया। इस मौके पर जयप्रकाश प्रधान ने बताया कि 30 जून को सर्कल रेवाड़ी में भी कर्मचारी चार घंटे का विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को रिस्क अलाउंस नहीं देना, कैशलेस मेडिकल पॉलिसी लागू न करना, एचकेआरएन कर्मचारियों को पक्का न करना, हरियाणा एग्री डिस्काम के नाम से नई बिजली कंपनी बनाना, बिजली निगम का निजीकरण करना, ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी लागू करना व पुरानी पेंशन बहाल न करना जैसे कदम कर्मचारी विरोधी हैं। विरोध प्रदर्शन में सब यूनिट बुड़ौली, नाहड़, पाल्हावास व कोसली के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। इस मौके पर धर्मेंद्र वरिष्ठ उपप्रधान, प्रमोद खजांची, दीपक सहसचिव, जयसिंह, नितबल, अजय, चंदरजीत, दिनेश, अरुण, मदन, राज सिंह, कर्मबीर, महेश, धर्मेंद्र, विक्रम, जयभगवान, बिजेन्द्र, सुभाष व गौरव सहित अनेक कर्मचारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। कोसली में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## माढैया कलां में चला डीटीपी का पीला पंजा

तीन एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त



रेवाड़ी। माढैया कलां में अवैध कॉलोनी को ध्वस्त करती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने शुक्रवार को रेवाड़ी-झज्जर रोड की राजस्व सीमा में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। डीटीपी की अवैध निर्माणों पर चल रही लगातार कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। डीटीपी की ओर से अवैध निर्माणों पर ये जून माह की सातवीं कार्रवाई की गई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद में प्रॉपर्टी डीलर व कोलोनाइजर अवैध कॉलोनी विकसित करने में लगे हुए है। डीटीपी के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-झज्जर रोड स्थित गांव माढैया कलां में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 3 एकड़ जमीन पर बिना अनुमति के विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का जमींदोज किया। टीम ने यहां 7 डीपीसी, परिकास्ट चारदीवारी व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया।

### प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर पैसे बर्बाद न करें: सिहाग

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि लोग प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें।







### किशनगढ़ बालावास में मनाया अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस

**रेवाड़ी।** नशा मुक्ति एवं पुर्नवास केंद्र की ओर से शुक्रवार को गांव किशनगढ़ बालावास में अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मनोवैज्ञानिक संदीपा अरोड़ा ने ग्रामीणों को नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे जानकारी देते हुए इससे दूर रहने के प्रति जागरूक किया। ग्रामीणों को नशे से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर सरपंच कुसुमलता, काउंसलर पूनम यादव, नर्स पूनम और दीपक मौजूद थे।

# रेडक्रॉस समिति ने निकाली जागरूकता रैली, नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**रेवाड़ी।** जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से शुक्रवार को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीसीपीओ कार्यालय के ओआरडब्ल्यू प्रदीप यादव ने प्रशिक्षुओं को बाल अपराध से जुड़े विभिन्न विषयों की के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति एवं उसके दुष्प्रभावों पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि समय रहते जागरूकता और सही मार्गदर्शन से बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी प्रेम प्रकाश की देखरेख में नशे से बचाव के प्रति जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का संचालन प्रवक्ता विजय शर्मा, राजकुमार, कविता सरकार और कुसुम शर्मा ने किया। रैली रेडक्रास कार्यालय से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौक, बस स्टैंड, शिव चौक, बाल भवन, गांधी चौक तथा जेल रोड से होते हुए पुनः रेडक्रास कार्यालय में संपन्न हुई। रैली के माध्यम से नागरिकों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं जागरूक समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर लावण्या फाउंडेशन से झम्मन सिंह तथा जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से सतीश कुमार, पवन कुमार, अनिल कुमार, मोती लाल और मनोहर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।





रेवाड़ी। नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकालते हुए सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## निर्धारित समय से पहले एसआईआर कार्य पूर्ण करने के निर्देश, प्रशासन हुआ सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं एसडीएम योगेश सैनी के नेतृत्व में उड़नदस्ता टीम द्वारा जिले के विभिन्न गांवों एवं बूथों का दौरा कर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रत्येक बूथ की प्रगति की जानकारी ली तथा कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण अभियान के दौरान टीम ने महेंद्रगढ़ शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक बूथों का दौरा किया। इनमें खुडाना, बसई, सतनाली, श्यामपुरी, पथरवा, नगला, जवाहर नगर, सुरेती, पिलानिया, बलाना सहित अन्य गांवों के बूथ शामिल रहे। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों से कार्य की प्रगति रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। तहसीलदार अजय कुमार सैनी ने कहा कि फील्ड स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है और प्रत्येक बूथ की रिपोर्टिंग नियमित रूप से ली जा रही है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य यह है कि कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय से पहले पूरा किया जाए। नायब तहसीलदार बिजेंद्र शर्मा ने बताया कि टीम द्वारा लगातार गांवों का दौरा कर वास्तविक स्थिति का आंकलन किया जा रहा है। जहां भी कमियां पाई जा रही हैं, वहां तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही है। अन्य अधिकारियों ने भी कहा कि एसआईआर कार्य को गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करें, ताकि कार्य समय पर और सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके। यह निरीक्षण अभियान प्रशासन की सक्रियता और जमीनी स्तर पर कार्य की निगरानी को दर्शाता है, जिससे आगामी समय में कार्य की गति और अधिक प्रभावी होने की उम्मीद है। होशियार सिंह रावत, राम प्रकाश , श्याम प्रकाश, हिरा लाल, संजय , , सहित अन्य सुपावाइजर एवं बीएलओ उपस्थित रहे।



### फार्म वितरण मामले में कोसली दूसरे स्थान पर

**कोसली।** कोसली विधानसभा क्षेत्र एसआईआर अभियान में पूरे हरियाणा राज्य में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है, जिसका श्रेय बीएलओ की मेहनत और नागरिकों के सहयोग को जाता है। एसडीएम व कोसली विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि एसआईआर अभियान को लेकर गांवों में कार्य जोर-शोर से चल रहा है। बीएलओ की मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है कि कोसली फॉर्म वितरण के मामले में प्रदेश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। एसडीएम ने बताया कि कोसली विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 48 हजार 951 मतदाता हैं, जिनमें से 99.94 प्रतिशत अर्थात 2 लाख 48 हजार 817 गणक प्रपत्र बांटे जा चुके हैं। अभियान के दूसरे चरण में अब तक 50 हजार 700 फॉर्म भरकर प्राप्त हो चुके हैं। कोसली में 276 बीएलओ, 28 सुपरवाइजर और 6 एईआरओ फील्ड में कार्यरत हैं। एसडीएम ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी लगन के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं।

## जन-संवाद पोर्टल की लंबित शिकायतों का शीघ्र करें निपटानः उपायुक्त



रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जन-संवाद हरियाणा पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए तथा प्रत्येक मामले का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में जन-संवाद के तहत आमजन की शिकायतों के समाधान को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। बैठक से पहले हरियाणा के महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। एडीसी राहुल मोदी, जिला नगर आयुक्त ब्रह्मप्रकाश व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**सूचना**

मैं, दौलत राम पुत्र श्री रामकिशन निवासी आनन्द नगर, रेवाड़ी, तह. व जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रोहित व उसकी पत्नी अन्नु मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**शाम को बादल छाने के बाद मिली राहत, आज भी बूंदाबांदी होने की संभावना**

# पारा 40 डिग्री के पार, गर्मी ने खूब निकाला पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

लगभग दो सप्ताह बाद तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचने के कारण भारी गर्मी ने लोगों को जमकर पसीना निकाला। उमस भरी गर्मी जन तक लोगों को परेशान करती रही। शाम को बादल छाने के बाद मौसम में बदलाव से राहत मिली। 27 जून को एक बार फिर बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना जताई जा रही है। मौसम में बार-बार बदलाव आ रहा है। कभी भारी गर्मी पसीना छुड़ाने लगती है, तो कभी बूंदाबांदी या हल्की बारिश तापमान में कमी लाकर राहत देती है। गत 11 जून के बाद पहली बार तापमान 2.5 डिग्री बढ़कर 40.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा है। न्यूनतम तापमान भी 2.0 डिग्री की वृद्धि के साथ 27.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अभी तक तापमान कम चल रहा था। शुक्रवार को सुबह के समय आंशिक बादल छाने के बाद आसमान साफ हो गया। इसके बाद तेज धूप निकलते ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। हवा में नमी का स्तर ज्यादा रहने के कारण दोपहर तक उमस बन गई। लोग पंखों की हवा में भी पसीने में भीगते रहे। कूलरों की हवा उमस में काम नहीं करती। एसी में रहने वाले लोगों को जरूर राहत मिल जाती है।



रेवाड़ी। एक खेत में बढ़ती बाजरे की अगेती फसल।

### बिजली की मांग में हुआ इजाफा

बीते दिनों बरसात के बाद तापमान में गिरावट व बिजली लाइनों के पोल टूटने के कारण बिजली की खपत कम होकर 70 लाख यूनिट तक आ गई थी। गर्मी का असर बढ़ने के बाद बिजली की खपत भी बढ़ने लगी है। अब बिजली की दैनिक खपत 90 लाख यूनिट के आसपास पहुंच गई है। पीक अवर्स में लोगों को पावर कटों का सामना भी करना पड़ रहा है। किसान बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अच्छी बारिश होने पर बाजरे की बिजाई की जाएगी।

**रेवाड़ी कंसार संचालन संगठन, रेवाड़ी**

**कंसार धर्मशाला, मौहल्ला ठठेरान, रेवाड़ी।**

Mobile: +91 9416445444
Email: satbiryadav0212@gmail.com

| | | COLLEGIUM | | | GOVERNING BODY | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | विवरण | दिनांक से | दिनांक तक | समय | दिनांक से | दिनांक तक | समय |
| 1. | आजीवन सदस्यों की सूची का प्रदर्शन | 26.06.2026 | | 11:00AM | 05.08.2026 | | 11:00AM |
| 2. | मतदाता सूची पर आपत्तियों (केवल लिपिकीय त्रुटि) | 28.06.2026 | 12.07.2026 | 11.00-2:00 | 06.08.2026 | 12.08.2026 | 11.00-2:00 |
| 3. | मतदाता सूची पर आपत्ति की सुनवाई | 13.07.2026 | | 11.00-2:00 | 13.08.2026 | | 11.00-2:00 |
| 4. | सदस्यों की अन्तिम सूची प्रकाशित | 14.07.2026 | | 11:00AM | 14.08.2026 | | 11:00AM |
| 5. | नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि | 18.07.2026 | 19.07.2026 | 11.00-2:00 | 15.08.2026 | 16.08.2026 | 11.00-2:00 |
| 6. | नामांकन पत्रों की छटनी | 21.07.2026 | | 11:00AM | 17.08.2026 | | 11:00AM |
| 7. | नामांकन पत्र वापिस लेने की तिथि | 25.07.2026 | 26.07.2026 | 11.00-2:00 | 22.08.2026 | 23.08.2026 | 11.00-2:00 |
| 8. | चुनाव चिन्ह देने की तिथि | 28.07.2026 | | 11:00AM | 24.08.2026 | | 11:00AM |
| 9. | नोटिस बोर्ड पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की सूची | 29.07.2026 | | 11:00AM | 25.08.2026 | | 11:00AM |
| 10. | मतदान | 02.08.2026 | | 09:00-04:00 | 30.08.2026 | | 09:00-04:00 |
| 11. | मतदान का परिणाम | 02.08.2026 | | चुनाव के पश्चात | 30.08.2026 | | चुनाव के पश्चात |

Satbir
Administrator-Cum Returning Officer, Rewari Kansar Sanchalan Sangathan.
Kansar Dharamshala, Mohalla Thatheran, Rewari

# गांव बुढ़पुर में राव मोहर सिंह जैव विविधता पार्क व अमृत सरोवर का शिलान्यास

## 150 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगेंगे: राव नरबीर

# जैव विविधता पार्क क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात




रेवाड़ी। जैव विविधता पार्क का शिलान्यास करते राव नरबीर सिंह तथा कार्यक्रम में मंत्री को जानकारी देते हुए अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- मंत्री ने गांव बूढ़पुर में 30 एकड़ में बनने वाले जैव विविधता पार्क तथा अमृत सरोवर का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

हरियाणा के वन, पर्यावरण एवं वन्यजीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने शुक्रवार को जिले के गांव बुढ़पुर में 30 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले राव मोहर सिंह जैव विविधता पार्क तथा अमृत सरोवर का शिलान्यास किया। इसके उपरांत उन्होंने बाबा धूनीराम मंदिर में भगवान शिव एवं ब्रह्मलीन बाबा धर्मदास महाराज की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर बुढ़पुर एवं आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने मंत्री का अभिनंदन किया। विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि संयुक्त पंजाब के समय अहीरवाल क्षेत्र के प्रमुख शिक्षाविद, आदर्श जनसेवक एवं लोकतंत्र के अग्रणी पुरोधा रहे राव मोहर सिंह के नाम पर बनने वाला यह जैव विविधता पार्क क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने बताया कि लगभग 30 एकड़ में विकसित होने वाले इस पार्क में 150 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें औषधीय पौधे भी शामिल होंगे। पार्क में ओपन जिम सहित अन्य आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनों दृष्टियों से लाभ मिलेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि पार्क के संरक्षण और विकास में सरकार व वन विभाग के साथ-साथ स्थानीय लोगों की भी समान भागीदारी जरूरी है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाग लें नागरिक

राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू किए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान में सभी नागरिक बढ़-चढ़कर भाग लें तथा पौधे लगाने के साथ उनकी देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए नमो वन, औषधि वन तथा व्यापक पौधारोपण अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 वर्षों के दौरान देश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। हरियाणा के सभी जिले राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ चुके हैं, जिससे आवागमन पहले की तुलना में काफी सुगम हुआ है।

### प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का आह्वान

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की मेक इन हरियाणा औद्योगिक नीति के तहत एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित 10 नई आईएमटी में से एक कोसली क्षेत्र में स्थापित की जाएगी, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मंत्री ने लोगों से प्लास्टिक की पॉलिथीन का उपयोग बंद कर जूट एवं कपड़े के थैलों को अपनाने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर भक्ति सेवा आश्रम दड़ौली के स्वामी सम्पर्णानंद महाराज, प्रधान मुख्य वन संरक्षक केसी मीणा, डीसी अभिषेक मीणा, डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर दीपक नंदा, एसडीएम सुरेश कुमार, बूढ़पुर सरपंच मोनिका यादव व लाखानौर सरपंच रचना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# आईजीयू में एमसीए दो वर्षीय कोर्स में आवेदन 30 तक, 60 सीटों पर होंगे एडमिशन

- प्रथम मेरिट सूची जारी होने के बाद 2 जुलाई तक रीजनल सेंटर में ऑनलाइन फीस जमा होगी
- प्रशिक्षण आधारित शिक्षा तथा प्लेसमेंट उन्मुख तैयारी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी
- एससी छात्राओ को जीरो फीस के लिए ढाई लाख से कम की नई ओरिजनल इंकम सर्टिफिकेट और एससी का प्रमाणपत्र देना होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की ओर से शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दो वर्षीय मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून तक विवि की वेबसाइट आईजीयू.एसी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सत्येंद्र बल ने बताया कि एमसीए कार्यक्रम को आधुनिक आईटी उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है। इस दो वर्षीय पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को डेढ वर्ष तक विश्वविद्यालय परिसर में अकादमिक एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाएगी, जबकि शेष छह माह का प्रशिक्षण व्यावहारिक कौशल, उद्योग-अनुभव तथा रोजगारोन्मुख तैयारी पर केंद्रित रहेगा। एमसीए कार्यक्रम में प्रवेश के लिए 60 सीटें उपलब्ध हैं। कोर्स की फीस आईजीयू के निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार देय होगी।

मिशन एडमिशन

### तकनीकों तथा आईटी क्षेत्र से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा



प्रो. सत्येंद्र ने बताया कि पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को कंप्यूटर एप्लीकेशन, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, प्रोग्रामिंग, डेटाबेस मैनेजमेंट, वेब टेक्नोलॉजी, उभरती डिजिटल तकनीकों तथा आईटी क्षेत्र से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा। यह कोर्स विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है, जो आईटी, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन डेवलपमेंट, डेटा-आधारित तकनीकों, सिस्टम मैनेजमेंट तथा अन्य डिजिटल क्षेत्रों में अपना करियर बनाना चाहते हैं। विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए बेहतर अकादमिक वातावरण, उन्नत कंप्यूटर लैब, प्रशिक्षण आधारित शिक्षा तथा प्लेसमेंट उन्मुख तैयारी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### रीजनल सेंटर में 30 को जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट, छात्राओं को भरनी होगी ऑनलाइन फीस



कोसली। कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में विभिन्न कोर्सों में दाखिले के लिए प्रथम मेरिट सूची 30 जून को जारी की जाएगी। इस सूची में उन छात्राओं के नाम शामिल होंगे, जिन्होंने 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन किया था। छात्राओं को ऑनलाइन फीस भरनी होगी। छात्राओं को दाखिले के लिए शैक्षिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और फोटो, परिवार पहचान पत्र, नवीनतम आय सर्टिफिकेट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट,चरित्र प्रमाण पत्र व रिहाइशी प्रमाण पत्र जमा करने होंगे। एससी छात्राओ को जीरो फीस के लिए ढाई लाख से कम की नई ओरिजनल इंकम सर्टिफिकेट और एससी का प्रमाणपत्र देना होगा। प्रथम मेरिट सूची जारी होने के बाद 2 जुलाई तक रीजनल सेंटर में ऑनलाइन फीस जमा होगी। दूसरी मेरिट सूची 3 जुलाई को जारी होगी तथा फीस 7 जुलाई तक भरी जाएगी। तीसरी मेरिट सूची 8 जुलाई तथा फीस 10 जुलाई तक जमा होगी। इसके बाद फिजिकल काउंसिलिंग की मेरिट सूची 13 जुलाई को जारी होगी तथा फीस 15 जुलाई तक भरी जाएगी। रीजनल सेंटर निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने कहा कि छात्राएं रीजनल सेंटर के नोटिस बोर्ड और विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर नियमित रूप से अपडेट देखें। डा. अनिल कुमार ने बताया कि बीए (ऑनर्स)मल्टिडीसीपीलीनरी प्रथम सेमेस्टर की ऑनलाइन फीस 3850 रुपए हैं। बीएससी फिजिकल साइंस मल्टिडीसीपीलीनरी के प्रथम सेमेस्टर की फीस 4260 रुपए तथा बीकॉम (ऑनर्स) की प्रथम सेमेस्टर की फीस 4950 रुपए है। छात्राएं रीजनल सेंटर में दाखिला कमेटी को दिखाने के लिए सभी ओरिजनल प्रणामपत्र व उनकी दो-दो सैल्फ अटेस्टेड फोटो कापी साथ लेकर आए।

## न्यूज डायरी

### यादव सभा की मासिक बैठक व नि:शुल्क हेल्थ चैकअप कैंप कल

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से 28 जून को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्रीकृष्ण भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर व मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। यादव सभा प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव ने बताया कि सुबह 9 से 11 बजे तक लगने वाले शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम मेडिसन, हड्डी रोग, न्यूरो सर्जरी, नेत्र रोग, दंत रोग, चर्म रोग व बाल रोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान करेगी। कैंप में फिजियोथेरेपी की सेवाएं भी दी जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि मेडिकल कैंप के बाद यादव कल्याण सभा की मासिक बैठक प्रधान रामबीर यादव की अध्यक्षता व महंत लाल दास महाराज मुख्य संरक्षक के सानिध्य में आयोजित की जाएगी।

### अश्लील फोटो व मैसेज वायरल करने के आरोप में युवक पर केस दर्ज

कोसली। क्षेत्र के गांव की एक विवाहिता ने अपने गांव के ही एक युवक पर इंस्टाग्राम व फेसबुक पर अश्लील फोटो व मैसेज वायरल करने का आरोप लगाते हुए नाहड़ पुलिस चौकी में शिकायत दी है। विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी तीन माह पूर्व ही हुई थी। शादी के दो महीने बाद उनके गांव के एक युवक ने उसके पति के पास मैसेज करने शुरू कर दिए। उसके पिता की ओर से इसकी शिकायत नाहड़ पुलिस चौकी में देने के बाद युवक ने अपनी गलती मान ली व भविष्य में दोबारा ऐसी हरकत न करने के आश्वासन दिया था, लेकिन कुछ दिनों से युवक अलग-अलग इंस्टाग्राम व फेसबुक आईडी बनाकर उसकी अश्लील फोटो व मैसेज वायरल कर व मेरे पति के पास भेज रहा है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर आरोपी युवक दीपक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कोसली क्षेत्र के गांव से बिना किसी को बताए युवती लापता

कोसली। क्षेत्र के गांव से एक युवती बिना किसी को कुछ बताए घर से लापता हो गई। युवती के पिता ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी बेटी 21 जून शाम को घर से लापता है। उन्होंने चार दिन तक अपने स्तर पर उसकी संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

### अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर चलाया अभियान

रेवाड़ी। अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला पुलिस की नशा मुक्ति टीम की ओर से गांव कान्हावास व फतेहपुरी में नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों और अवैध नशा तस्करी के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। उन्हों ने कहा कि नशा शरीर ही नहीं, बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। उन्होंने ग्रामीणों से नशा मुक्ति अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

# यूपीएससी, एचपीएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में संस्कृत विषय के साथ बेहतर संभावनाएं: प्रो. गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग की ओर से विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा, साहित्य, वेद, वेदांग, उपनिषद एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के गहन अध्ययन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक गुप्ता ने कहा कि संस्कृत विभाग में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। पाठ्यक्रम के माध्यम से संस्कृत पत्रकारिता, अनुवाद, लेखन कौशल तथा शोध अभिरुचि का विकास किया जाता है। नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विभाग में आधुनिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध है। संस्कृत विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में अध्यापन, शोध, उच्च अध्ययन तथा अकादमिक क्षेत्र में व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त यूपीएससी, एचपीएससी तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में संस्कृत विषय के साथ बेहतर संभावनाएं हैं। विद्यार्थी धार्मिक शिक्षक, आध्यात्मिक परामर्शदाता, अनुवादक, लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता, एनजीओ एक्जीक्यूटिव तथा ह्यूमन रिसोर्स एक्जीक्यूटिव जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी अपना करियर बना सकते हैं।

उन्होंने बताया कि विश्विद्यालय में उच्च शिक्षित एवं अनुभवी प्राध्यापकगण, समृद्ध पुस्तकालय, शोध सुविधाएं, सेमिनार, कार्यशालाएं, विशेषज्ञ व्याख्यान तथा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का नियमित आयोजन किया जाता है।

### आपातकाल में आंदोलन चलाने वाले वीर कुमार का हुआ सम्मान



कोसली। आपातकाल के 51वें वर्ष पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय संविधान की हत्या दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं लोकतंत्र सेनानी वीर कुमार यादव को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। लोकतंत्र की रक्षा के लिए उनके साहस, संघर्ष और बलिदान को मंच से विशेष रूप से सराहा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का सबसे बड़ा काला अध्याय था। उस कठिन दौर में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले सेनानियों का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### संस्थाओं ने ऐतिहासिक छोटा तालाब परिसर में रोपित किए पौधे

रेवाड़ी। शुक्रवार को गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल के पीछे स्थित ऐतिहासिक छोटा तलाब में एसएसपी फाउंडेशन ट्रस्ट और एम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सफाई और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक लक्ष्मण यादव बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा की वरिष्ठ नेत्री दीपा भारद्वाज थी। इस मौके पर तालाब की सफाई करके विभिन्न प्रजाति के दजनों पौधे रोपित किए गए। इस मौके पर वीर भगत सिंह युवा दल के संयोजक दिनेश कपूर, छोटा तलाब के संरक्षक श्योलाल, आर्य समाजी दयाराम आर्य, एसएसपी फाउंडेशन ट्रस्ट की पीआरओ सोनिया सैनी, संस्थापक अनुराधा सैनी, सुनील लहकरा, हर्षिता, प्रीती, रचना दुआ, मोनिका फोगाट, ग्रीवेंश कमेटी सदस्य नीरू भारद्वाज, विश्व हिंदू परिषद् से श्रीभगवान, कविता सैनी, धर्मेंद्र शर्मा, पवन कुमार, अश्वनी वशिष्ठ, राहुल राठौड़ और माल्या सैनी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। छोटा तालाब में पौधरोपण करते विधायक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### शिकायत के निस्तारण में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

रेवाड़ी। जिला पुलिस की ओर से आमजन को त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए थाना स्तर पर शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को थाना शहर, धारूहेड़ा तथा रोहड़ाई में शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए गए। थाना शहर में आयोजित शिविर में डीएसपी संजीव बल्हारा, धारूहेड़ा में डीएसपी हेडक्वार्टर डा. रविन्द्र सिंह तथा रोहड़ाई थाने में डीएसपी कोसली विद्यानंद ने लोगों की समस्याएं सुनीं। शिविरों में बड़ी संख्या में क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं वार्डों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी शिकायतें, लंबित मामलों तथा अन्य समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। पर्यवेक्षण अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुनते हुए थाना प्रभारियों एवं जांच अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया गया, जबकि जिन प्रकरणों में विस्तृत जांच आवश्यक थी, उनमें निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं को उनके मामलों की वर्तमान स्थिति से भी अवगत कराया तथा जांच अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिविर में भूमि विवाद, सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित मामले, पारिवारिक विवाद, लंबित आपराधिक मामलों, पुलिस जांच की प्रगति तथा अन्य जन शिकायतों की सुनवाई की गई। नशे से दूर रहने की भी अपील इस अवसर पर डीएसपी ने पुलिस के नशा मुक्त हरियाणा अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए नागरिकों से युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।



रेवाड़ी। शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते डीएसपी संजीव बल्हारा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

बैठक — जल निकासी व्यवस्था को लेकर पंप सेटों की समुचित व्यवस्था की जाए

# मानसून सीजन में विभागों को जल निकासी के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

- डीसी अभिषेक मीणा ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नालों की सफाई, जलभराव और बाढ़ प्रबंधन को लेकर की तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



रेवाड़ी। अधिकारियों की को निर्देश देते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने मानसून सीजन को देखते हुए अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिए है। डीसी ने लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की।

डीसी ने विभागों की ओर से किए गए प्रबंधों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। इससे पहले मुख्य सचिव हरियाणा अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश के सभी जिलों के डीसी और अन्य अधिकारियों को वीसी के माध्यम से मानसून सीजन को लेकर की गई वाटर ड्रेनेज व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### कर्मचारियों की ड्यूटी तय की जाए

डीसी मीणा ने कहा कि जिले में ड्रेनों, नालों तथा जल निकासी तंत्र को सुचारू रूप से कार्यशील रखा जाए। सभी की अच्छी तरह से सफाई कराई जाए। जहां कहीं भी अवरोध अथवा अन्य समस्याएं पाई जाती हैं, उनका तत्काल समाधान किया जाए ताकि बारिश के दौरान जलभराव स्थिति पैदा न हो सकें। सभी पंपिंग स्टेशनों पर कर्मचारियों की ड्यूटी तय की जाए। उन्होंने अधिकारियों को सभी आवश्यक संसाधन एवं मशीनरी तैयार रखने तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी की उचित व्यवस्था करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। यदि किसी क्षेत्र में जलभराव की समस्या सामने आती है और उसमें संबंधित विभाग की लापरवाही पाई जाती है तो अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निकाय और सिंचाई विभाग के अधिकारियों निर्देश दिए कि जल निकासी व्यवस्था को लेकर पंप सेटों की समुचित व्यवस्था की जाए।

### गांवों के जोहड़ों और नालों की सफाई के निर्देश

डीसी ने जिले के सभी रोड पर जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त करने के निर्देश दिए, ताकि रोड पर पानी जमा नहीं हो पाए। साथ ही गांवों के जोहड़ों और नालों की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने रोड साइड नालों की साफ-सफाई, जल निकासी के उचित प्रबंध तथा सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी आगामी मानसून के दृष्टिगत पानी निकासी व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी रखे, ताकि बारिश के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, डीएमसी ब्रह्मप्रकाश, एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम बावल संजीव कुमार, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय प्रकाश चौहान, कार्यकारी अभियंता अशोक यादव व कार्यकारी अभियंता नगर परिषद अंकित वशिष्ठ सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### कबड्डी प्रतियोगिता में चिड़ी गांव की टीम बनी विजेता



कोसली। सुधराना गांव में बाबा भैया धाम परिसर में बाबा भैया ट्रस्ट व ग्रामवासियों के सहयोग से चल रहे सात दिवसीय कथा महोत्सव के दौरान 55 किलोग्राम भार वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कथा वाचक बांके बिहारी ने किया। प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों की 36 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में चिड़ी गांव की टीम ने प्रथम, खातीवास गांव की टीम ने द्वितीय व भाकली गांव की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ट्रस्ट से राम गोपाल यादव ने बताया कि प्रथम विजेता टीम को 7100 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5100 रुपये व तृतीय विजेता टीम को 3100 रुपये की नकद राशि प्रदान की गई।

10th & 12th (NIOS)
ओपन से पास करें।
O.R. GROUP OF INSTITUTIONS